## संक्षिप्त

### श्रीराम जन्मोत्सव का आगाज आज

**सिरस।** श्री केशवराय मंदिर में मंदिर विकास समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष देवराजसिंह राजावत ने बताया की श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर 27 मार्च को केशवराय मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान का सामूहिक अभिषेक, ध्वजारोहण व आरती का आयोजन किया जाएगा। शाम को भजन संकीर्तन के साथ मंदिर से भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शौभायात्रा में हर घर के सामने आरती की जाएगी। शोभायात्रा रात को शिवालय पहुंचेगी। 28 मार्च को दोपहर शिवालय में भजन संकीर्तन का आयोजन होगा। भगवान केशवराय जी की शोभायात्रा रात 8 बजे भजन कीर्तन के साथ शिवालय से वापस रवाना होगी। जिसकी व घर घर के सामने आरती की जाएगी। शोभायात्रा 29 मार्च को दोपहर 12 बजे केशवराय मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया जाएगा। इसी प्रकार 29 मार्च की रात मंदिर परिसर में वार्षिक भजन संध्या का आयोजन होगा।

### रामनवमी का पर्व श्रद्धा से मनाया

**फुलेरा।** कस्बे में गुरुवार को धर्मप्रेमियों द्वारा दुर्गा अष्टमी एवं रामनवमी का पर्व श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नवरात्रि व्रत रखने वाले महिला एवं पुरुषों ने अपने-अपने घरों में माता रानी की ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की। साथ ही कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इसी क्रम में कस्बे के मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएं मांगी और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा

### शोभा यात्रा धूमधाम से निकली

**सांभरझील।** सर्व हिंदू समाज व विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वाधान में बड़ा बाजार स्थित भगवान गोवर्धन नाथ मंदिर के महंत के सानिध्य में दोपहर के पश्चात प्रभु श्री राम की शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा मैं भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम के उद्घोष के साथ सांभर नगरी गूंजायमान हुई। शोभा यात्रा में अनेक जीवंत झांकियों का स्वरूप प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहा। प्रमुख बाजारों से शोभा यात्रा निकली तो लोगों ने पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। जगह-जगह लोगों ने मिल्क रोज व शीतल जल श्रद्धालुओं को पिलाया। शोभा यात्रा में विश्व हिंदू परिषद के सभी पदाधिकारियों व सर्व हिंदू समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# रामनवमी पर शोभायात्रा व भगवा रैली पर पावटा में गूंजा रामलला का जयकारा

- बड़ी संख्या मे उमडा रामभक्तों का जन सैलाब
- पावटा में जगह जगह श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत

**पावटा।** पावटा में गुरुवार को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी पर सीताराम मंदिर पावटा द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से श्रीराम जन्मोत्सव पर पूरे लवाजमे के साथ भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली निकाली गई। इस अवसर पर युवाओं, समेत बच्चों और महिलाओं में भी गजब का जोश दिखा। रामनवमी भव्य शोभायात्रा मे तरह तरह की झाकियो के साथ बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा कार्यक्रम के साक्षी बने। सीताराम मंदिर पावटा के नेतृत्व में पावटा स्थित सीताराम मंदिर से गोपाल भैया महंत मोहनदास महाराज द्वारा भगवान राम की विधिवत पूजा अर्चना के साथ शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। भगवान राम के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा व भगवा रैली मे आस्था का जनसैलाब उमड़ा।मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध विश्वास है। यही वजह है कि रामनवमी के दिन पूरा शहर राममय हुआ। हवा में लहराते भगवा ध्वज पर पुष्प वर्षा



पावटा में रामनवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली।

कर श्रीराम नाम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। वही भगवान श्रीराम की शोभायात्रा व भगवा रैली में पावटा मे आकर्षक झाकिया, पुष्प वर्षा, शौर्य प्रदर्शन, आदर्श रामलीला मैदान में प्रभु श्री राम की महाआरती विशेष आकर्षण रहे। वही इस दौरान मोहनदास महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम जन-जन और कण कण में व्याप्त है। उनका जन्मोत्सव जनमानस का लोकोत्सव हैं। वही बालजी मेगा मार्ट, नीरज,गुप्ता, धर्मेंद्र गोयल सहित सर्व समाज द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत कर रामभक्तो के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। वही इस दौरान शोभायात्रा व भगवा रैली में सुरक्षा दृष्टि को लेकर दुर्गा वाहिनी व प्रागपुरा कार्यवाहक थाना प्रभारी सुबेसिंह सहित पुलिसकर्मी, महिलापुलिसका जाप्ता नगर की सड़कों पर रहे। वही इस दौरान शोभायात्रा व भगवा रैली में विधायक कुलदीप धनकड, गोपाल अठावाल, पूर्व विधायक सुभाष शर्मा, ब्राह्मण महासभा पावटा नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, सुनील बोहरा, नीरज सैन, मनोज मित्तल, आदित्य वशिष्ठ, पवन गुप्ता व जनप्रतिनिधि व हज़ारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### मंत्री बेढ़म ने सिर पर धारण की भगवान की पालकी



**डीग भरतपुर ( निस )।** बृज नगर में रामनवमी के पावन पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा अत्यंत गरिमामय और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर राजस्थान सरकार के गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शोभा यात्रा में शिरकत कर अपनी गहरी आध्यात्मिक निष्ठा प्रकट की। अंचल की गौरवशाली परंपरा और प्रभु श्री राम के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा का परिचय देते हुए गृह राज्य मंत्री ने स्वयं सर पर भगवान श्री राम की भव्य पालकी धारण कर शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। श्रद्धा और उल्लास के इस संगम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने भगवान श्री राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। शोभा यात्रा के दौरान संपूर्ण बृज नगर का परिवेश आध्यात्मिक रंग में रंगा हुआ दृष्टिगोचर हुआ। यात्रा मार्ग में स्थानीय निवासियों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर भगवान के सुसज्जित रथ और पालकी का आत्मीय अभिनंदन किया गया। जन-जन के हृदय में व्याप्त अगाध श्रद्धा के चलते संपूर्ण क्षेत्र जयघोष से आप्लावित रहा और हर ओर भक्ति का अनूठा उल्लास दिखाई दिया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और सौहार्दपूर्ण वातावरण ने इस धार्मिक आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

### लक्षिता ने 98 फीसदी अंक पाये

**दौसा।** शहर के सुंदरदास मार्ग निवासी लक्षिता खंडेलवाल ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले के टॉपर विद्यार्थियों में स्थान बनाया है। छात्रा के पिता मुकेश कुमार बस्सी वाले और माता रजनी गुप्ता ने बताया कि शेखावटी पब्लिक स्कूल की छात्रा लक्षिता ने विज्ञान और संस्कृत में 100-100 अंक प्राप्त किए हैं। इसके अलावा हिंदी और अंग्रेजी में 98, गणित में 97 तथा सामाजिक विज्ञान में 95 अंक अर्जित किए। लक्षिता ने बताया कि उसने प्रतिदिन 5 से 6 घंटे नियमित अध्ययन कर यह सफलता हासिल की है। उसका सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रिंसिपल काजल शर्मा, श्वेता गुप्ता सहित खंडेलवाल समाज के पदाधिकारियों ने खुशी जताते हुए उसका सम्मान किया।

### प्रधानाध्यापक वॉकपीठ संगोष्ठी आज

**निवाई।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बीआरसीएफ समग्र शिक्षा निवाई के तत्वावधान में ब्लॉक के समस्त राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों के लिए दो दिवसीय सत्रांत प्रधानाध्यापक वाकपीठ संगोष्ठी का 27 व 28 मार्च को हनुमान नगर स्थित राधारानी मैरिज गार्डन में आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी संस्था प्रधानों की भागीदारी अनिवार्य की गई है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समस्त पीईईओ व यूसीईईओ को उनके अधीनस्थ संस्था प्रधानों को कार्यमुक्त करने के निर्देश जारी किए हैं। संगोष्ठी के प्रथम दिन पंजीकरण व प्रशासनिक सत्रों की शुरुआत होगी। दूसरे दिन विभागीय योजनाओं के प्रभावी संचालन, शाला दर्पण, मिड-डे-मील, आत्मरक्षा प्रशिक्षण की तकनीकी जानकारियां, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापकों का सम्मान व शिक्षक संघों की वार्ताएं आयोजित होंगी। संगोष्ठी की व्यवस्थाओं के लिए वाकपीठ अध्यक्ष मुकेश मीणा व सचिव रामकिशोर माली को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अवैध वाहनों का जमावाड़ा

**बहरोड़/ नीमराणा ।** बहरोड़ कस्बे के मुख्य चौराहे एन एच 48 पर यातायात पुलिस चौकी के पास अवैध वाहनों का जमावड़ा लगा रहने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ मनसा माता के साथ दिवसीय मेले के चलते यात्रियों की अधिक आवाजाही से यह व्यवस्था और दूभर हो गई है। यात्रियों का कहना है कि पुलिस चौकी पर अधिकांशतया कर्मचारी भी नदारद पाए जाने से कस्बे की यातायात व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई है।

### तीन आरोपी पकड़े

**टोंक।** सआदत हॉस्पिटल में हो रही चोरियों का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है एक नाबालिग को पकड़कर बाल सुधार गृह भेजा गया। आरोपियों ने ऑक्सीजन सप्लाई पाइप, एसी पार्ट्स और कॉपर वायर चोरी किए थे, जिससे हॉस्पिटल की इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित हो रही थीं। यह कार्यवाही जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर कार्यवाही कर आरोपियों से बड़ी मात्रा में सामान जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों से 24 किलो वजन के एसी पार्ट्स (9 नग), ऑक्सीजन सप्लाई के 65 कॉपर पाइप और 32 किलो जले हुए कॉपर वायर सहित अन्य सामान जब्त किया है।

# पेंशनरों ने काला दिवस मनाया

- केंद्र सरकार के खिलाफ जताया विरोध
- प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- पेंशनर्स ने पैदल मार्च निकाला

**फुलेरा ।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा फुलेरा की ओर से बुधवार को काला दिवस के रूप में मनाया गया। पेंशनरों ने केंद्र सरकार पर उनके हितों के साथ कुठाराघात करने का आरोप लगाया। उपशाखा अध्यक्ष शक्ति सिंह ने बताया कि गतवर्ष 25 मार्च को केंद्र सरकार ने सीसीएस (पेंशन) नियम संशोधन विधेयक 2025 पारित कर पेंशन में संशोधन का अधिकार अपने पास ले लिया है। इसके साथ ही आठवें वेतन आयोग के लाभ से पेंशनरों को वंचित करने का भी आरोप लगाया गया। पेंशनरों का कहना है कि निधि के आधार पर वर्गीकरण कर सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के 17 दिसंबर 1982 के ऐतिहासिक निर्णय का भी हवाला दिया गया।

पेंशनर समाज फुलेरा ने इस विधेयक को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि 1 जनवरी 2016 से पहले और बाद के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बीच समानता बनाए रखी जानी चाहिए। इस दौरान समाज के सदस्यों ने गणगौरी बाजार स्थित श्रीरामद्वारा से रैली निकालकर हाथों पर काली पट्टी बांधकर अंबेडकर सर्किल तक पैदल मार्च किया और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी सांभर ऋषिराज कपिल को सौंपा गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनरों की उपस्थिति रही और सभी ने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

### नीमराणा थाना का निरीक्षण

**कोटपूतली ।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास द्वारा गुरुवार को नीमराना थाना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने थाना के मालखाना का अवलोकन करते हुये वहां रखे अभिलेखों एवं सामग्री के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया।

# सांभरझील में नेशनल बर्ड सैंचुरी घोषित करने की मांग

**सांभरझील ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से सांभर झील में नेशनल बर्ड सेंचुरी घोषित करने की प्रबल इच्छा को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन कुमार मोदी ने गोपाल गौशाला के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार डांगरा के सानिध्य में ज्ञापन पेश किया। यहां हर वर्ष लाखों की तादाद में अनेक प्रजातियों के परिंदों का शीतकालीन प्रवास होता है। करीब 300 से अधिक प्रजाति के पक्षी रिकार्ड किए जा चुके हैं, इसलिए यहां एक नेशनल बर्ड सेंचूरी की घोषणा करने से इसके सकारात्मक प्रभाव और अधिक नजर आएंगे। विदेशी सैलानियों सहित प्रदेश से आने वाले पर्यटकों का ध्यान आकर्षित होगा। अंतर्राष्ट्रीय नम भूमि यानी वेटलैंड क्षेत्र होने की वजह से इसका विश्व स्तर पर काफी पहचान है। सांभर में इसके लिए पक्षियों के संरक्षण की दिशा में वन व पर्यटन विभाग के उप कार्यालय खोले जाने की भी नितांत आवश्यकता है ताकि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में झील पर सीधी नजर बनी रह सके। आने वाले पर्यटकों को विभिन्न पक्षियों की पहचान हो इसके लिए विभाग की ओर से परफेक्ट टीम भी तैनात की जाए जो उनको गाइड कर सके। इस प्रकार की सरकार के स्तर पर व्यवस्था सुनिश्चित होने पर झील परिक्षेत्र का संरक्षण भी होगा और सरकारी खजाने में भारी राजस्व की आमद भी होगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री से सांभर में पर्यटन को दृष्टिगत रखते हुए टेन्ट सिटी की कार्य को गति देने, अन्य भूरूपान्तरण की स्पष्ट, सरल एवं व्यवहारिक नीति तैयार करने जिससे क्षेत्र में निवेशको का रुझान बढे एवं पर्यटन अन्य ईकाईयां विकसित होने से विकास के अनेक रास्ते खुलेंगे।

### महंगाई का विरोध

**दौसा।** केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लगातार बढ़ती महंगाई एवं रसोई गैस सिलेंडर की भारी किल्लत के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अब खुलकर मैदान में उतर आई है। इसी क्रम में विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जावेगा। जिला कांठोस कमेटी दौसा के जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन 27 मार्च को प्रात:10 बजे जयपुर के शहीद स्मारक, पुलिस कमिश्नर कार्यालय के पास, एमआई रोड पर आयोजित होगा। उन्होंने जिले के सभी संगठनों के अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचकर इस जनआंदोलन को सफल बनाएं। साथ ही सभी ब्लॉक अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

# रंगोली सजाकर भगवान श्रीराम की आरती उतारी

**निवाई। श्री** सनातन धर्म सत्संग मंडल के तत्वावधान में रामनवमी के पावन पर्व पर गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बड़ा बाजार स्थित चारभुजा मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना करके शोभायात्रा को रवाना किया गया। शोभायात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा में ट्रैक्टर ट्रॉली में भगवान श्रीराम की मनोरम झांकी सजाई गई, श्रीराम सुन्दर काण्ड मण्डल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, विश्वनाथ मण्डल एवं महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन, सनातन धर्म सत्संग मण्डल द्वारा रामधुनि की गई। भव्य शोभायात्रा का जुलूस श्री चारभुजा नाथ मंदिर से रवाना होकर बडा बाजार, सब्जी मंडी, चोहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, कंकाली माता मंदिर व पुलिस थाने के सामने से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचा। जहां कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शोभायात्रा को लेकर जगह-जगह स्वागत द्वार, तोरणद्वार व रंगोली सजाकर भगवान श्रीराम की आरती उतारी गई। शोभायात्रा का मार्ग में रामभक्तों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इससे पूर्व सत्संग भवन में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। इसी प्रकार रविवार की सुबह 5 बजे गाजे बाजे के साथ प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें कई संतों व श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जगह-जगह शहरवासियों ने प्रभात फेरी पर ईत्र व पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर नाथूलाल शर्मा, देवानंद नेभाणी एवं राहुल अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट अवार्ड

**पावटा ।** राजस्थान विधानसभा के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित भव्य कार्यक्रम में आज प्रागपुरा ग्राम सेवा सहकारी समिति, प्रागपुरा को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 का राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ एवं उत्कृष्ट अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति को नगद पुरस्कार से भी नवाजा गया। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एनसीडीसी के निदेशक सुनील छापोला ने अध्यक्षता की। यह सम्मान प्रागपुरा समिति के चेयरमेन उपेन्द्र सिंह शेखावत, मुख्य कार्यकारी कैलाश चंद स्वामी, सहायक व्यवस्थापक आनंद सिंह शेखावत, नरेश कुमार सैनी, सहायक कर्मचारी रामकरण सैनी तथा ड्रोनकर्मी प्रेम प्रकाश सैनी ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। इस मौके पर चेयरमेन उपेन्द्र सिंह शेखावत ने सहकारिता मंत्री, विधायक कुलदीप धनकड, जयपुर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक दिनेश शर्मा, एनसीडीसी निदेशक सुनील छापोला एवं विभाग के समस्त अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर डायरेक्टर राजेन्द्र पारीक, उपाध्यक्ष नरशी यादव, रोहिताश सैनी, गोकुल सैनी, गोपाल सैनी, सरदारमल सैनी, वाइस चेयरमेन अशोक सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने समिति के चेयरमेन, व्यवस्थापक एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी।

### 2100 दीपों से हुई महाआरती

**निवाई।** प्राचीन कंकाली माता मंदिर में महाष्टमी पर्व पर 2100 दीपों के साथ महाआरती का आयोजन किया गया। श्री शक्तिपीठ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष शंकर सोनी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा हैं। महाष्टमी पर्व पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए। इस दौरान विशेष फूलों से श्रृंगार, 501 कन्याओं को भोजन सहित सायंकाल 2100 दीपों से महाआरती का आयोजन किया गया। जिसको लेकर श्रद्धालुओं ने अम्बे तू है जगदम्बे काली, चलो बुलावा आया है ।

# 'पवित्रता, सौंदर्य एवं ज्ञान की प्रतीक है जगत जननी महागौरी'

**दौसा।** धर्माचार्य डॉ.परमेश्वर गंगावत ने जगत जननी महागौरी की महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवती जगत जननी सौंदर्य ज्ञान और पवित्रता की प्रतीक है।

धर्माचार्य डॉ.परमेश्वर गंगावत अष्टमी गुरुवार को श्रीमद् देवीभागवत कथा ज्ञानयज्ञ में व्यासपीठ से प्रवचन देते हुए बोल रहे थे। उन्होने कहा कि पौराणिक कथा के अनुसार भगवती दुर्गा ने भगवान शिव को अपने पति रूप में पाने के लिए जंगल में घोर तपस्या की जिससे भगवती राजरानी का शरीर तपस्या से काला पड गया। तपस्या से प्रसन्न हो कर भगवान शिव ने भगवती को गंगा जल से स्नान करवाया इस कारण उनका वर्ण श्वेत हो गया इसलिए अष्टमी को पूजी जाने वाली मां जगत जननी का नाम महागौरी पड़ा। कथा व्यास पूज्य गुरुदेव ने कहा कि एकाठा भाव से मन को पवित्र करके मां की स्तुति करने से सभी संकटों का नाश होता है, पापों से मुक्ति मिलती है और विवाह में आ रही बाधाएं दूर होती है। बड़ी ही कल्याणकारी है जगत जननी महागौरी। आज कथा में रुद्राक्ष महात्म्य, भस्म महात्म्य, गायत्री महिमा, मणिद्वीप धाम वर्णन, श्रीमद्देवीभागवत महिमा जैसे प्रसंगो के बारे आचार्य ने बताया । इस अवसर पर किन्नर समाज से पधारी सपना दीदी, लीला दीदी व राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित संगीताचार्य घनश्याम सैनी सहित विभिन्न जिलों से पधारे गणमान्य श्रोता की भारी भीड़ के साथ मुख्य यजमान राजेश सोनी, गोपाल सोनी परिवार सहित उपस्थित रहे।

### गुरमति समागम रविवार को

**नरैना( निसं )।** श्रीचरण कमल साहिब गुरुद्वारा में रविवार को गुरमति समागम का आयोजन किया जाएगा। जथेदार बाबा बलविन्द्र सिंह ने बताया कि गुरमति समागम का आयोजन शुक्रवार से तीन दिवसीय श्री अखण्ड पाठ साहिब से शुरू होगा। रविवार को आयोजित गुरमति समागम में जयपुर अजमेर, ब्यावर, किशनगढ़,दूदू, अलवर सहित अन्य जगहों से संगत गुरूद्वारा श्री चरण कमल साहिब नरैना पहुंचेगी। आयोजन के दौरान प्रमुख रागी-जत्थे गुरुवाणी का बखान कर उपस्थित संगत को निहाल करेंगे।

### विभिन्न संगठनों ने शोभायात्रा निकाली

**टोंक ।** मुख्यालय पर रामनवमी पर्व पर संगठनों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्री राम दरबार, अयोध्या के राम मंदिर सहित अन्य झांकियां सजाई गई, जिन्हे देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई, साथ ही पुष्पवर्षा के साथ स्वागत भी किया गया।

संगठन मंत्री रोहिताश कुमावत ने बताया कि गुरूवार को पगड़ी व भगवा ध्वज पताका लेकर महिला-पुरुष व युवा शोभायात्रा के रूप में रवाना हुए। रामनवमी पर शोभायात्रा में विद्या भारती समिति की राम दरबार की सजीव झांकी, अयोध्या के श्रीराम मंदिर की झांकी गौ सेवकों द्वारा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने, गौ की हत्या की पाबंदी की मांग के लिखे स्लोगन वाली तख्तियों को हाथों में लेकर लोग चले। शोभायात्रा गांधी खेल मैदान से शुरू शोभायात्रा बड़ा कुआं, नौशे मियां का पुल, काफला बाजार, पांच बत्ती चौराहा, सुभाष बाजार, घंटाघर चौराहा, रामलीला मैदान गांधी पार्क पहुंची, जहा हनुमान चालीसा का पाठ करने के साथ कार्यक्रम का विसर्जन हुआ।

# ९० वर्ष पूरे होने पर रेलवे के वरिष्ठ पेंशनर सेवानिवृत्त मेल ट्रेन मैनेजर बलवीर सिंह सम्मानित

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सुमित्रा नाथावत ने भजन प्रस्तुत किया, वहीं आनंद मेहरोत्रा ने बांसुरी पर मनमोहक धुन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोलक पर यूनुस एवं हारमोनियम पर गिरधर गोपाल ने संगत कर कार्यक्रम में समा बांध दिया।

**फुलेरा।** रेलवे पेंशनर्स सोसायटी शाखा फुलेरा की ओर पेंशनर कार्यालय में रेलवे के वरिष्ठ पेंशनर सेवानिवृत्त मेल ट्रेन मैनेजर बलवीर सिंह के 90 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह सैकड़ों पेंशनरों की उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया।




वरिष्ठ पेंशनर सेवानिवृत्त मेल ट्रेन मैनेजर बलवीर सिंह के 90 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष रमेशचंद वर्मा ने की, विशिष्ठ अतिथि के रूप में सोसायटी सचिव लालचंद कुमावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सहाय शर्मा, कोषाध्यक्ष सीपी त्रिपाठी एवं वरिष्ठ पेंशनर मोतीलाल नागरवाल मंचासीन रहे। सभा को संबोधित करते हुए महेश कुमार वर्मा, शेष नारायण सैनी, महेश सहाय शर्मा, रमेश चंद कुमावत, सीपी त्रिपाठी, मोतीलाल नागरवाल, रमेश चंद वर्मा एवं गिरधर गोपाल ने बलबीर सिंह के स्वस्थ, सुखमय एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सुमित्रा नाथावत ने भजन प्रस्तुत किया, वहीं आनंद मेहरोत्रा ने बांसुरी पर मनमोहक धुन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ढोलक पर यूनुस एवं हारमोनियम पर गिरधर गोपाल ने संगत कर कार्यक्रम में समा बांध दिया।

इस अवसर पर मौजूद पेंशनरों ने बलबीर सिंह को माला व साफा पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

### जिलेभर में होंगे भव्य धार्मिक आयोजन

**टोंक।** सत्य और अहिंसा के प्रतीक तथा वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्म कल्याणक महोत्सव 30 मार्च (सोमवार) को जिलेभर में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर अनेक धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महोत्सव के तहत प्रात:काल श्री दिगंबर जैन नसिया से प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जो घंटाघर तक पहुंचेगी। यहां हाउसिंग बोर्ड एवं पुरानी टोंक से आने वाली प्रभात फेरियों का संगम होगा। इसके पश्चात अहिंसा सर्किल पर भगवान महावीर स्वामी का अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया जाएगा, साथ ही अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी संपन्न होंगे। इसी क्रम में श्री आदिनाथ दिगंबर जैन नसिया में दोपहर के समय एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। सायंकाल 108 दीपकों से भव्य आरती का आयोजन होगा।

# घुमंतू समुदाय व रोमा के बीच सांस्कृतिक सेतु

**अलवर।** घुमंतू और विमुक्त समुदायों के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया ने एक अनूठी पहल करते हुए अलवर के समुदायों को यूरोप के रोमा प्रतिनिधियों से जोड़ने का काम किया है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित इस संवाद ने सदियों से बिछड़ी सांस्कृतिक कड़ियों को फिर से जोडने का प्रयास किया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में आयोजित हुआ, जहां अलवर के कालबेलिया, बंजारा, नाथ, कंजर और गाड़िया लोहार जैसे घुमंतू समुदायों के प्रतिनिधियों ने यूरोप के रोमा समुदाय के सदस्यों से सीधा संवाद किया। इतिहासकारों के अनुसार, रोमा समुदाय की जड़ें भारत, विशेष रूप से राजस्थान से जुड़ी मानी जाती हैं, जो सदियों पहले प्रवास कर यूरोप के विभिन्न देशों में बस गए थे। वर्ल्ड कॉमिक्स इंडिया के संस्थापक शरद शर्मा के नेतृत्व में संगठन लंबे समय से इन समुदायों के साथ जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। वर्तमान में अलवर में संचालित 8 डीएनटी कम्युनिटी सेंटरों के प्रतिनिधियों ने इस मुलाकात में भाग लिया। इन केंद्रों के माध्यम से बच्चों, युवाओं और महिलाओं को अपनी पहचान और संस्कृति को समझने और साझा करने का मंच मिल रहा है। संगठन का कार्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समुदायों को अपनी कहानी खुद कहने का अवसर भी देता है। ग्रासरूट्स कॉमिक्स और विमुक्त आवाज़ जैसे प्रयासों के जरिए इन समुदायों के जीवन, संघर्ष और इतिहास को दस्तावेज़ित किया जा रहा है, जो अक्सर मुख्यधारा में नजरअंदाज हो जाते हैं। इस पहल के तहत कई प्रतिभागियों ने पहली बार अलवर से बाहर निकलकर इस अनुभव में हिस्सा लिया। बंजारा समुदाय के एक प्रतिनिधि मुकेश ने इस दौरान महत्वपूर्ण सवाल उठाया कि बदलते समय में अपनी पहचान और संस्कृति को भारत और यूरोप में कैसे सुरक्षित रखा जाए। इस पर हुई चर्चा में यह स्पष्ट हुआ कि परंपराओं को संरक्षित रखना आज घुमंतू समुदायों के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। अलवर में पहले से ही घुमंतू मेलों और सामुदायिक आयोजनों के जरिए परंपराओं को जीवित रखने के प्रयास किए जा रहे हैं।